आज समाज 19/11/2025

# गीता का ज्ञान जीवन का पथ प्रदर्शनः डॉ रोहित दत्त

आज समाज नेटवर्क

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी के संस्कृत विभाग ने, हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग के सहयोग से, 18 नवंबर 2025 को प्रातः 10:00 बजे गीता जयंती के उपलक्ष्य में क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भगवद्गीता के नैतिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक संदेशों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें भारतीय मूल्य प्रणाली और सकारात्मक सोच से जोड़ना था। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, अध्ययन में रुचि, तार्किक सोच तथा टीमवर्क को प्रोत्साहन मिला। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गीता का ज्ञान सदैव जीवन में मार्गदर्शन प्रदान करता है।

इस प्रकार के आयोजन छात्रों के बौद्धिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती प्रियंका बल्दिया ने गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मधुर उच्चारण के साथ भोजन से पूर्व उच्चारित किया जाने वाला प्रेरणादायी श्लोक प्रस्तुत किया, जो अन्न की शुद्धि, मन की शुद्धि तथा कृतज्ञता भाव का संदेश देता है। इस कार्यक्रम में डॉ रितु गुप्ता, डॉअनीश, डॉ अमित ने सहभागिता दिखाई` इस्कॉन स्वयंसेवक चिराग सिंगल और अनुराग रौत ने मुख्य वक्ता के रूप में भूमिका निभाई।

उन्होंने गीता के द्वितीय अध्याय कर्मयोग पर प्रकाश डाला। विभागीय शिक्षकों ने भी इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए गीता के



सार को सरल और रोचक तरीके से समझने का एक सार्थक अवसर सिद्ध हुई।कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस आयोजन ने गीता जयंती के महत्व को और अधिक सार्थक बनाया।